भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 881

जिसका उत्तर 14.12.2022 को दिया जाना है

राजस्थान में सड़कों को चौड़ा किया जाना

881. श्री नीरज डांगी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को राजस्थान सरकार से राज्य में सड़कों की लंबाई बढ़ाने और चौड़ा करने के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राजस्थान सरकार ने राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए निधि आवंटन हेतु कोई अनुरोध किया है; और

(ग) यदि हां, तो संबंधित ब्यौरा क्या है एवं उन पर की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी नहीं । सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के मौजूदा दिशानिर्देशों और राज्य सरकारों सहित विभिन्न तिमाहियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर राजस्थान सहित सभी राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण / संवर्धन / सुधार का काम सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय करता है।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है और स्वीकृत योजनाओं के लिए निधि का आवंटन किया जाता है। राजस्थान में पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान राज्य पीडब्ल्यूडी को सौंपे गए राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग (मूल) [एनएच(ओ)], राष्ट्रीय राजमार्ग (मूल - जनजातीय उप योजना) [एनएच(ओ)टीएसपी] और हरित राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर परियोजना [जीएनएचसीपी] के तहत आवंटित निधि और व्यय का विवरण अनुबंध-I पर है। राजस्थान राज्य में एनएचएआई को सौंपे गए राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में निधि की आवश्यकता के अनुसार अनुमोदित परियोजनाओं पर व्यय किया जाता है और कोई अलग राज्यवार आवंटन नहीं किया जाता है।

अनुबंध-I

'राजस्थान में सड़कों को चौड़ा किया जाना' के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा पूछे गए दिनांक 14.12.2022 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 881के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

क्र सं.	**वर्ष**	**योजना**	**आवंटित निधि (करोड़ रुपये में)**	**व्यय (रुपए करोड़ में)**
1	2019-20	एनएच(ओ)	856.34	856.34
		एनएच(ओ)-टीएसपी	197.00	182.50
2	2020-21	एनएच(ओ)	729.64	729.64
		एनएच(ओ)-टीएसपी	150.00	149.94
		जीएनएचसीपी	12.00	11.97
3	2021-22	एनएच(ओ)	667.83	667.83
		एनएच(ओ)-टीएसपी	51.63	51.63
		जीएनएचसीपी	120.86	120.86
4	2022-23 (आज तक)	एनएच(ओ)	800.00	643.50
		एनएच(ओ)-टीएसपी	20.00	19.79
		जीएनएचसीपी	100.00	88.53

*****